# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## अक्तूबर भाग-2 2020

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न Part -2

1. हाल ही में समाचारों में रहा शब्द 'मधुका डिप्लोस्टेमोन' (Madhuca Diplostemon) है:
   a. वृक्ष की प्रजाति
   b. छिपकली की प्रजाति
   c. केकड़े की प्रजाति
   d. मछली की प्रजाति
2. निम्नलिखित में से कौन-सी गेहूँ की प्रजातियाँ हैं?
   1. एम.ए.सी.एस. 6478
   2. लोक 1
   3. एच.डी. 2189

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   a. केवल 1 और 3
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1
   d. 1, 2 और 3
3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारत में 'प्रोजेक्ट एलिफेंट' की शुरुआत फरवरी, 1972 में हुई थी।
   2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 51A(g) वनों, झीलों, नदियों और वन्य जीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा तथा जीवित प्राणियों के प्रति दया से संबंधित है।
   3. भारत में 'वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया' आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 12A के तहत एक पंजीकृत दान-दात्री संस्था है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 2
   d. 1, 2 और 3
4. हाल ही में भारत की पहली ऑस्कर विजेता भानु अथैया का निधन हो गया, इन्हें निम्नलिखित में से किस कार्य के लिये ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
   a. निर्देशन
   b. प्रोडक्शन डिज़ाइन
   c. अभिनय
   d. कॉस्ट्यूम डिज़ाइन
5. 'जिनेवा कन्वेंशन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारत एवं चीन दोनों जिनेवा कन्वेंशन के हस्ताक्षरकर्त्ता देश हैं।
   2. पहला जिनेवा कन्वेंशन वर्ष 1864 में संपन्न हुआ।
   3. जिनेवा कन्वेंशन का उद्देश्य मानवीय मूल्यों को सुरक्षा प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 1 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

6. निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'वैश्विक भुखमरी सूचकांक' (GHI) का संकेतक **नहीं** है ?

a. अल्पपोषण
b. चाइल्ड वेस्टिंग
c. बाल मृत्यु दर
d. मातृ स्वास्थ्य

7. हाल ही में समाचारों में रहा शब्द 'क्वानॉन' (QAnon) है:

a. फ्लेमिंगो की एक प्रजाति
b. एक षड्यंत्रकारी सिद्धांत या आंदोलन
c. एक क्षुद्रग्रह
d. रूस की तीसरी कोरोना वैक्सीन

8. भारत में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड, सारस और फ्लेमिंगो जैसे पक्षियों की मृत्यु लिये निम्नलिखित में से कौन-से कारक प्रमुखता से ज़िम्मेदार हैं ?

1. हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनें
2. अवैध शिकार
3. कुत्ते व अन्य जंगली जानवरों द्वारा शिकार

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1 और 3
c. केवल 1
d. 1, 2 और 3

9. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें सदस्यों का चुनाव अधिकतम दो वर्ष की अवधि के लिये किया जाता है।
2. यह परिषद दुनिया भर में मानवाधिकारों का प्रचार करने का कार्य करती है किंतु इसके पास कथित मानवाधिकारों के उल्लंघन के जाँच की शक्ति नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

10. हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने किस उद्देश्य के लिये पूर्व न्यायाधीश मदन बी. लोकुर के नेतृत्व में एक-सदस्यीय समिति का गठन किया है ?

a. नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिये
b. पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी एवं रोकथाम के लिये
c. यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण स्तर हेतु समाधान के लिये
d. TV मीडिया हेतु नए मानदंडों के लिये

नोट :

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. गोवा 'हर घर जल' लक्ष्य को प्राप्त करने वाला भारत का प्रथम राज्य है।
    2. वर्ष 2019 में शुरू किये गये जल जीवन मिशन का उद्देश्य वर्ष 2024 तक सभी ग्रामीण घरों में पाइप द्वारा जलापूर्ति सुनिश्चित करना है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो ही 1 और न ही 2

12. स्लीनेक्स-20 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह भारतीय नौसेना और सिंगापुर की नौसेना के बीच संयुक्त रूप से आयोजित होने वाला वार्षिक द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास है।
    2. समुद्री अभ्यास 'स्लीनेक्स-20' का आठवाँ संस्करण विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

13. किस संस्थान/संगठन ने 'बेंडिंग कर्व: द रिस्टोरेटिव पावर ऑफ प्लेनेट-बेस्ड डाइट्स' नामक रिपोर्ट जारी की है?
    a. वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड
    b. यूनिसेफ
    c. भारतीय खाद्य निगम
    d. अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ

14. 'वैश्विक गरीबी' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. विश्व बैंक के अनुसार, 1.90 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन से कम आय स्तर को 'अत्यधिक गरीबी' के रूप में जाना जाता है।
    2. विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, वर्ष 2019 में प्रत्येक 10 में से एक व्यक्ति 'अत्यधिक गरीब' की श्रेणी में शामिल है।
    3. विश्व में सर्वाधिक गरीब जनसंख्या उप-सहारा अफ्रीका क्षेत्र में निवास करती है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    a. केवल 2 और 3
    b. केवल 1 और 2
    c. केवल 1
    d. 1, 2 और 3

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. कुल प्रजनन दर (TFR) एक महिला के पूरे जीवनकाल में जन्म लेने वाले या जन्म लेने की संभावना वाले कुल बच्चों की संख्या को संदर्भित करता है।
    2. प्रति महिला लगभग 1.1 बच्चों के कुल प्रजनन दर (TFR) को 'प्रतिस्थापन कुल प्रजनन दर' कहा जाता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) द्वारा शुरू की गई 'आयुष्मान सहकार योजना' के तहत सहकारी संस्थाओं को अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार करने के लिये ऋण दिया जाएगा।
   2. NCDC सहकारी क्षेत्र हेतु शीर्ष वित्तीय एवं विकासात्मक संस्थान के रूप में कार्य करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

17. निम्नलिखित में से कौन-सा/से दर्रा/दर्रे जम्मू एवं कश्मीर में अवस्थित है/हैं?
   1. लिपुलेख दर्रा
   2. साधना दर्रा
   3. रोहतांग दर्रा

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   a. केवल 1
   b. केवल 1 और 3
   c. केवल 2
   d. उपरोक्त में से कोई नहीं

18. 'समुद्री-घास' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. ये समुद्री पुष्पी पौधे होते हैं जो केवल उष्णकटिबंधीय समुद्र तटों पर पाए जाते हैं।
   2. समुद्री-घास में प्रजातीय विविधता बहुत कम पाई जाती है, लेकिन प्रजातियों का वितरण बहुत व्यापक स्तर पर पाया जाता है।
   3. यह भारत के संपूर्ण तटीय क्षेत्रों में पाई जाती है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?
   a. केवल 2 और 3
   b. केवल 1 और 3
   c. केवल 1 और 2
   d. 1, 2 और 3

19. यह एक बारहमासी पौधा है, जो पोषक तत्त्वों को अपनी गहरी मांसल जड़ों के अंदर संग्रहीत करता है। इसकी खेती मुख्यत: शुष्क और ठंडे भागों में की जाती है। भारत में इसकी खेती नहीं की जाती है। भारत इसे मुख्यत: ईरान, अफगानिस्तान और उज़्बेकिस्तान से आयात करता है, जिसकी लागत लगभग 600 करोड़ रुपए है।

   उपर्युक्त गद्यांश में किस कृषि-फसल को संदर्भित किया गया है?
   a. ताड़/पाम
   b. हींग
   c. केसर
   d. इलायची

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारत का पहला 'मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क' उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बनाया जा रहा है।
   2. 'मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क' का निर्माण वंदे भारत मिशन के तहत किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

21. नाज़का लाइन्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जियोग्लिफ्स का एक समूह है जो दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में पाया जाता है।
2. वर्ष 1994 में यूनेस्को द्वारा इन्हें विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

22. अक्सर समाचारों में रहने वाली न्यू स्टार्ट संधि विश्व के किन दो देशों से संबंधित है ?

a. संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस
b. चीन और ताइवान
c. चीन और रूस
d. आर्मेनिया और अज़रबैजान

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2019 में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय कृमि निवारण दिवस की शुरूआत की गई थी।
2. एल्बेंडाजोल टैबलेट का उपयोग बच्चों एवं किशोरों में आँतों के कीड़े के इलाज के लिये किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

24. प्रशांत महासागर के तट पर अवस्थित पेरू की सीमा निम्नलिखित में से किन देशों से मिलती है ?

1. इक्वाडोर
2. कोलंबिया
3. ब्राज़ील
4. बोलिविया

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 1, 2 और 3
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2, 3 और 4

25. वर्ष 1943 में नेताजी सुभाषचंद्र बोस द्वारा आज़ाद हिंद सरकार की स्थापना निम्नलिखित में से किस देश में की गई थी ?

a. सिंगापुर
b. जापान
c. हॉन्गकॉन्ग
d. वियतनाम

नोट :

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कोर मुद्रास्फीति वह है जिसमें खाद्य एवं ईंधन की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को शामिल नहीं किया जाता है।
2. रोज़गार की दर में वृद्धि के साथ श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) में भी वृद्धि होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

27. 'ब्लू डॉट नेटवर्क' (BDN), बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) से किस प्रकार भिन्न है?

1. BDN में प्रत्यक्ष वित्त प्रदान करने की सुविधा है, जबकि BRI में ऐसी कोई सुविधा नहीं है।
2. BDN में सार्वजनिक ऋण की व्यवस्था नहीं है लेकिन BRI में है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

28. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. तापीय व्युत्क्रमण
2. भू-आबद्ध क्षेत्र
3. असंगठित जलोढ़ मृदा
4. उच्च दबाव का बनना

उपर्युक्त में से कौन उत्तर भारत में वायु प्रदूषण के संभावित कारक हैं?

a. केवल 1, 2 और 3
b. केवल 2, 3 और 4
c. केवल 1, 2 और 4
d. 1, 2, 3 और 4

29. कभी-कभी समाचारों में रहने वाली 'शेकेतकर समिति' का संबंध किस क्षेत्र से है?

a. सैन्य सेवाओं में सुधार
b. रेलवे अवसंरचना
c. बिटकॉइन का नियमन
d. तटीय प्रबंधन

30. भारत सरकार द्वारा संचालित 'उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन' योजना संबंधित है:

a. घरेलू इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण उद्योग से
b. उर्वरक उत्पादन उद्योग से
c. कोयला आधारित उद्योग से
d. सेवा क्षेत्र से

नोट :

31. भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के कराची अधिवेशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 1931 में आयोजित कॉन्ग्रेस के कराची अधिवेशन की अध्यक्षता सरदार वल्लभ भाई पटेल ने की थी।
2. इस अधिवेशन में 'दिल्ली समझौते' यानी गांधी-इरविन समझौते को स्वीकृति प्रदान की गई।
3. इस अधिवेशन में कॉन्ग्रेस ने दो मुख्य प्रस्तावों 'मूलभूत राजनीतिक अधिकारों' और 'राष्ट्रीय आर्थिक कार्यक्रमों' को अपनाया।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 2
d. 1, 2 और 3

32. विज्ञान के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई निम्नलिखित पहलों पर विचार कीजिये:

1. 'स्पार्क' (SPARC) पहल का लक्ष्य उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान परिदृश्य को बेहतर बनाना है।
2. बायोटेक्नोलॉजी इग्निशन ग्रांट (BIG) योजना स्टार्टअप के वित्तपोषण से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

33. 'फ्यूचर स्किल प्राइम' कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह नीति आयोग तथा केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक संयुक्त पहल है।
2. यह 'जैव प्रौद्योगिकी' के क्षेत्र में रोज़गार के रिस्किलिंग और अपस्किलिंग के लिये एक कार्यक्रम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

34. इंद्रजीत गुप्ता समिति निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित है?

a. चुनावी सुधार से
b. श्रम कानूनों में सुधार से
c. बैंकिंग सुधार से
d. रक्षा खरीद प्रक्रिया से

35. G-20 समूह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका सचिवालय न्यूयॉर्क में स्थित है।
2. वर्तमान में इसकी अध्यक्षता सऊदी अरब द्वारा की जा रही है।
3. G-20 भ्रष्टाचार निरोधी कार्यसमूह की पहली बैठक का आयोजन वर्ष 2010 में किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

नोट :

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में वर्ष 2018 को 'मोटे अनाज के लिये राष्ट्रीय वर्ष' घोषित किया गया था।
2. कोदो, कुटकी, चेन्ना एवं सांवा भारत में उगाई जाने वाली मोटे अनाज की किस्में हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 ओर 2 दोनों
d. न तो 1 ओर न ही 2

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मोहम्मडन एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज की स्थापना वर्ष 1877 में की गई थी।
2. वर्ष 1864 में सर सैयद अहमद खान ने 'साइंटिफिक सोसाइटी' की स्थापना की थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

38. 'हिम तेंदुआ' (Snow Leopard) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हिम तेंदुए को IUCN की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त (Endangered) की सूची में रखा गया है।
2. प्रतिवर्ष 24 अक्तूबर को 'अंतर्राष्ट्रीय हिम तेंदुआ दिवस' के रूप में मनाया जाता है।
3. भारत के सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश राज्य हिम तेंदुओं के प्रवास क्षेत्र में शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं ?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

39. कर्मचारी राज्य बीमा योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कर्मचारी राज्य बीमा योजना की शुरुआत वर्ष 1948 में की गई थी।
2. इस योजना में शामिल कर्मचारी बेरोज़गारी भत्ते के भी हकदार होते हैं।
3. इस योजना का संचालन 'राष्ट्रीय कर्मचारी बीमा निगम' द्वारा किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही **नहीं** हैं ?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

40. 'पायरोलिसिस और प्लाज़्मा गैसीकरण' जैसे शब्दों का उल्लेख निम्नलिखित में से किस संदर्भ में किया जाता है ?

a. दुर्लभ भू-तत्त्वों का निष्कर्षण
b. प्राकृतिक गैस निष्कर्षण प्रौद्योगिकी
c. हाइड्रोजन ईंधन-आधारित ऑटोमोबाइल
d. अपशिष्ट निपटान

नोट :

41. 'हिमालयन ब्राउन बियर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह केवल पूर्वी हिमालय क्षेत्र में पाया जाता है।
   2. इसे IUCN की रेड लिस्ट में सुभेद्य के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

42. 'वाशिंगटन-ब्रोकेड समझौते' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस समझौते के तहत कुछ अरब देशों द्वारा इज़राइल के साथ सामान्य संबंध स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की गई है।
   2. हाल ही में ईरान तथा सऊदी अरब द्वारा इस समझौते पर हस्ताक्षर की घोषणा की गई है।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

43. भारतीय रिज़र्व बैंक की 'ब्याज स्थगन' (Moratorium) घोषणा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है।
   a. यह घोषणा COVID-19 महामारी के तहत राहत उपायों के रूप में की गई है।
   b. इसके तहत उधारकर्त्ताओं को 'ब्याज स्थगन अवधि' के दौरान बकाया ऋण राशि पर साधारण ब्याज का भुगतान करना होता है।
   c. 'गैर-निष्पादनकारी संपत्ति' के रूप में वर्गीकृत खाते इस योजना के तहत लाभार्थी नहीं होंगे।
   d. इस योजना के तहत केवल वाणिज्यिक बैंकों को शामिल किया गया है।

44. भारत ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के निम्नलिखित में से किन अभिसमयों की पुष्टि की है?
   1. बाल श्रम के सबसे विकृत स्वरूप पर अभिसमय
   2. संगठित एवं सामूहिक सौदेबाज़ी के अधिकार पर अभिसमय
   3. बलात् श्रम के उन्मूलन पर अभिसमय
   4. समान पारिश्रमिक पर अभिसमय

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   a. केवल 1, 2 और 3
   b. केवल 1, 3 और 4
   c. केवल 2, 3 और 4
   d. उपरोक्त सभी

45. निम्नलिखित में से किन संरक्षण रिज़र्वों/आर्द्रभूमियों को रामसर स्थल के रूप में नामित किया गया है?
   1. आसन संरक्षण रिज़र्व
   2. ब्यास कंज़र्वेशन रिज़र्व
   3. धनौरी आर्द्रभूमि
   4. सांडी आर्द्रभूमि

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   a. केवल 1, 2 और 4
   b. केवल 1, 3, और 4
   c. केवल 2, 3 और 4
   d. उपरोक्त सभी

**नोट :**

46. संसदीय विशेषाधिकार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद-194 के तहत संसदीय विशेषाधिकारों का उल्लेख किया गया है।
2. भारत के महान्यायवादी को भी संसदीय विशेषाधिकार प्राप्त हैं।
3. संसदीय समिति को संसद के सदस्यों एवं बाहरी लोगों को इसके अधिकारों के हनन के मामलों में कारावास का दंड देने का अधिकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

47. 'किसान सूर्योदय योजना' के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना की शुरुआत गुजरात राज्य में की गई है।
2. इस योजना के तहत किसानों को सोलर पंप की स्थापना हेतु सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

48. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र पाक-अधिकृत कश्मीर (PoK) के साथ अपनी सीमा साझा नहीं करता है?

a. खैबर-पख्तूनख्वा
b. शिनजियांग प्रांत
c. जम्मू-कश्मीर
d. सिस्तान

49. हाल ही में खोजे गए 'सिंधु सिवनी क्षेत्र' की पहचान की गई है:

a. कोयला निक्षेप के एक नए क्षेत्र के रूप में
b. पेट्रोलियम भंडारण क्षेत्र के रूप में
c. टेक्टोनिक रूप से सक्रिय क्षेत्र के रूप में
d. यूरेनियम भंडारण क्षेत्र के रूप में

50. 'भारतीय राष्ट्रीय सागरीय सूचना प्रणाली केंद्र' (INCOIS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना वर्ष 2004 में आई सुनामी के बाद वर्ष 2007 में की गई थी।
2. यह संस्थान, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन है।
3. भारतीय राष्ट्रीय सागरीय सूचना प्रणाली केंद्र का मुख्यालय चेन्नई में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है?

a. केवल 1 और 3
b. केवल 2
c. केवल 2 और 3
d. 1, 2 और 3

**नोट :**

51. निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारत सरकार के डाक विभाग का कार्य नहीं है?

a. जमा स्वीकार करना
b. जीवन बीमा कवर प्रदान करना
c. वृद्धावस्था पेंशन जैसी नागरिक सेवाएँ उपलब्ध कराना
d. ऑनलाइन सिक्योरिटी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करना

52. निम्नलिखित में से कौन बूंदी स्थापत्य कला से संबंधित नहीं है?

a. तारागढ़ किला
b. सुख महल
c. रानीजी की बावड़ी
d. हवा महल

53. 'इंडीजेन जीनोम परियोजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत सरकार के 'वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद' की पहल है जिसे अप्रैल 2019 में प्रारंभ किया गया था।
2. इस परियोजना के तहत 1000 से अधिक लोगों के जीनोम अनुक्रमण का अध्ययन किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

54. दक्षिण अमेरिका में अवस्थित यह देश पश्चिम में प्रशांत महासागर और पूर्व में एंडीज़ पर्वतमाला के बीच स्थित है। यह उत्तर में पेरू, पूर्व में बोलीविया और अर्जेंटीना, दक्षिण में ड्रेक पैसेज (Drake Passage) और पश्चिम में प्रशांत महासागर के साथ अपनी सीमा साझा करता है। विश्व के प्रमुख रेगिस्तानों में से एक 'अटाकामा रेगिस्तान' इसी देश में अवस्थित है।

उपर्युक्त गद्यांश में निम्नलिखित में से किस देश को संदर्भित किया गया है?

a. ब्राज़ील
b. बहामास
c. मेक्सिको
d. चिली

55. 'जीनोम रेफरेंस कंसोर्टियम' (GRCh) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जीनोम रेफरेंस कंसोर्टियम'-37 (GRCh37) वर्तमान में उपलब्ध सबसे सटीक 'मानव जीनोम अनुक्रम' रेफरेंस है।
2. 'जीनोम रेफरेंस कंसोर्टियम' के तहत उपलब्ध 'ह्यूमन रेफरेंस जीनोम' का उपयोग जीनोम अनुक्रमण शोध कार्यों में एक मानक के रूप में किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

56. ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह चौथी पीढ़ी का एक भारतीय उपग्रह प्रक्षेपण यान है।
2. PSLV का पहला सफल प्रक्षेपण वर्ष 1994 में किया गया था।
3. PSLV का प्रयोग वर्ष 2013 में मंगल मिशन और वर्ष 2019 के चंद्रयान-2 मिशन के प्रक्षेपण में भी किया गया था।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं ?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

57. निम्नलिखित में कौन-सा/से देश मध्य एशिया के अंतर्गत नहीं आता/आते है/हैं ?

1. कज़ाखस्तान
2. ईरान
3. अफगानिस्तान
4. तुर्की
5. किर्गिज़स्तान

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 5
b. केवल 2, 3 और 4
c. केवल 2 और 4
d. केवल 4

58. अश्गाबात समझौता संबंधित है:

a. माल परिवहन से
b. जैव-विविधता संरक्षण से
c. आर्द्र भूमि संरक्षण से
d. समुद्री सुरक्षा से

59. भारतीय सेना द्वारा विकसित 'साई' (SAI) मोबाइल एप है:

a. मैसेजिंग एप्लिकेशन
b. ई-कॉमर्स प्लेटफार्म
c. ऑनलाइन प्रदर्शनी पोर्टल
d. सेना में भर्ती संबंधी एप

60. निम्नलिखित में से कौन-सी सिंधु घाटी सभ्यता की विशेषताएँ हैं ?

1. नगरीय योजना प्रणाली
2. डेयरी उत्पादन
3. सड़कों की ग्रिड प्रणाली

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1
b. केवल 1 और 2
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

61. 'सर्ब-पावर' योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस योजना की शुरुआत केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा की गई है।
2. इस योजना के तहत महिला शोधकर्त्ताओं को 5 वर्ष के लिये फेलोशिप देने का प्रावधान किया गया है।
3. निजी शैक्षणिक संस्थानों के आवेदक भी इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिये पात्र होंगे।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही **नहीं** है/हैं ?

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1
d. 1, 2 और 3

62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पादपों में पोटेशियम की कमी जड़ों एवं अंकुरों की वृद्धि को रोककर पौधों को प्रभावित करती है।
2. पादपों में 'पोटेशियम आयन' श्वसन एवं प्रकाश संश्लेषण में शामिल कई एंज़ाइमों को सक्रिय करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

63. 'रेगुलेटरी सैंडबॉक्स' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. रेगुलेटरी सैंडबॉक्स, नियंत्रित दशाओं में नवीन फिनटेक उत्पादों या सेवाओं के 'प्रत्यक्ष परीक्षण' को संदर्भित करता है।
2. हाल ही में 'भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड' (सेबी) द्वारा 'रेगुलेटरी सैंडबॉक्स' के लिये एक रूपरेखा प्रस्तुत की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

64. 'वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस आयोग का उद्देश्य 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र' और इसके शृंखला के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटना है।
2. इस आयोग का गठन 'पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम एवं नियंत्रण) प्राधिकरण' (EPCA) के विकल्प के रूप में किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

65. हाल ही में ओडिशा सरकार द्वारा लॉन्च किया गया 'सुमंगल' पोर्टल संबंधित है:

a. सड़कों के आधुनिकीकरण से
b. अंतर्जातीय विवाह के प्रोत्साहन से
c. वृक्षारोपण से
d. विधवा विवाह से

66. किस स्वतंत्रता सेनानी को 'भारतीय नागरिक सेवाओं के संरक्षक संत' के रूप में जाना जाता है ?

a. जवाहर लाल नेहरु
b. सरदार वल्लभ भाई पटेल
c. सत्येन्द्र नाथ बोस
d. सुभाषचंद्र बोस

**नोट :**

67. हाल ही में समाचारों में रही 'साथ-ई परियोजना' [(SATH-E) Project] संबंधित है:

a. शिक्षा क्षेत्र में सुधार से
b. सार्वजनिक सड़क परिवहन में सुधार से
c. तटीय अवसंरचना सुधार से
d. पंचायतों में अवसंरचनात्मक सुधार से

68. 'इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस' (IoE) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. IoE के रूप में चिह्नित संस्थानों को शैक्षिणिक और प्रशासनिक मामलों में पूर्ण स्वतंत्रता प्रदान की जाती है।
2. IoE के रूप में चिह्नित सभी उच्च शिक्षा संस्थान सरकार द्वारा 1000 करोड़ रुपए का अनुदान प्राप्त करने के लिये पात्र होते हैं।
3. हाल ही में हरियाणा स्थित 'ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी' को IoE की उपाधि प्रदान की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2 और 3

69. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में जूट उत्पादन मुख्य रूप से पूर्वी राज्यों में केंद्रित है।
2. भारत में न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के अंतर्गत जूट फसल शामिल नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

70. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण भारत का पहला कंप्यूटर आधारित रोज़गार सर्वेक्षण है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2017 में केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा की गई थी।
2. इस सर्वेक्षण की शुरुआत वर्ष 2009 में गठित कुंदू समिति की सिफारिशों के आधार पर की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

## व्याख्या

1. (a)

**व्याख्या:**

- 'मधुका डिप्लोस्टेमोन' (Madhuca Diplostemon) वृक्ष की एक प्रजाति है जिसे 180 से अधिक वर्षों के अंतराल के बाद केरल के कोल्लम ज़िले में एक पवित्र उपवन से पुन: खोजा गया है।
- इस वृक्ष को स्थानीय रूप से (मलयालम में) कविलिप्पा (Kavilippa) के नाम से जाना जाता है।

- वर्ष 1835 में ईस्ट इंडिया कंपनी के एक वनस्पतिशास्त्री रॉबर्ट वाइट (Robert Wight) ने इस वृक्ष के पहले नमूने की खोज की थी।
- अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature-IUCN) की रेड लिस्ट में इसे संकटग्रस्त (Endangered) प्रजातियों की सूची में शामिल किया गया है। अत: विकल्प (a) सही है।

2. (d)

**व्याख्या:**

- एमएसीएस 6478 (MACS 6478), लोक 1 (Lok 1), एचडी 2189 (HD 2189) गेहूँ की प्रजातियाँ हैं। अत: विकल्प (d) सही है।
- एमएसीएस 6478 (MACS 6478) भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के तहत एक स्वायत्त संस्थान 'अगरकर अनुसंधान संस्थान' (Agharkar Research Institute- ARI) के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित किया गया है।
- महाराष्ट्र के सतारा ज़िले में कोरेगाँव तहसील के एक गाँव के किसानों को एमएसीएस 6478 के उपयोग से 45-60 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उपज प्राप्त हुई है, जबकि पहले लोक 1 (Lok 1), एचडी 2189 (HD 2189) एवं अन्य पुरानी किस्मों के कारण औसत उपज 25-30 क्विंटल प्रति हेक्टेयर प्राप्त होती थी।
- एमएसीएस 6478 गेहूँ की किस्म को उच्च उपज वाला एस्टिवम (High Yielding Aestivum) भी कहा जाता है। गेहूँ की यह किस्म 110 दिनों में परिपक्व हो जाती है।

3. (b)

**व्याख्या:**

- प्रोजेक्ट एलिफेंट एक केंद्र प्रायोजित योजना है और इसे फरवरी, 1992 में हाथियों के आवास एवं गलियारों की सुरक्षा के लिये लॉन्च किया गया था। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, प्रोजेक्ट एलिफेंट के माध्यम से देश में प्रमुख हाथी रेंज वाले राज्यों को वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51A(g) में कहा गया है कि भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्त्तव्य होगा कि वह वनों, झीलों, नदियों और वन्य जीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार कार्य करेगा तथा जीवित प्राणियों के प्रति दया का भाव रखेगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- 'वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया' (WTI) का गठन नवंबर, 1998 में भारत में वन्यजीवों की तेज़ी से बिगड़ती स्थिति में सुधार हेतु किया गया था। यह एक भारतीय प्रकृति संरक्षण संगठन है जो वन्यजीवों और उनके निवास स्थान को संरक्षित करता है, साथ ही व्यक्तिगत स्तर पर जंगली जानवरों के कल्याण के लिये काम करता है। भारत में 'वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया' आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 12A के तहत एक पंजीकृत दान-दात्री संस्था है। **अत: कथन 3 सही है।**

4. (d)

**व्याख्या:**

- भारत की पहली ऑस्कर विजेता और कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर भानु अथैया (Bhanu Athaiya) का 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। अत: विकल्प (d) सही है।
- भानु अथैया का जन्म 28 अप्रैल, 1929 को कोल्हापुर में हुआ था। कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर के तौर पर उन्होंने अपने 60 वर्ष के लंबे कॅरियर में 100 से अधिक फिल्मों में काम किया, जिसमें श्री 420, गाइड, अग्निपथ, वक्त और लगान जैसी बेहतरीन फिल्में शामिल हैं।
- भानु अथैया ने वर्ष 1953 में अपने फिल्मी कैरियर की शुरुआत शहंशाह फिल्म के साथ की थी, जिसमें उन्होंने कामिनी कौशल के लिये कॉस्ट्यूम डिज़ाइन किया था।
- भानु अथैया को वर्ष 1982 में आई फिल्मी 'गांधी' के लिये ब्रिटिश कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर जॉन मोलो के साथ संयुक्त तौर पर ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसी के साथ वे ऑस्कर से सम्मानित होने वाली पहली भारतीय बन गई थीं।

नोट :

5. (d)

**व्याख्या:**

- जून, 2020 में लद्दाख में गलवान (भारत-चीन) संघर्ष के बाद, रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति (International Committee for the Red Cross- ICRC) द्वारा भारत एवं चीन दोनों देशों की सरकारों से आग्रह किया गया है कि वे जिनेवा कन्वेंशन (Geneva Conventions) की शर्तों का पालन करे क्योंकि दोनों देशों द्वारा इस कन्वेंशन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। अत: कथन (1) सही है।
- प्रथम जिनेवा कन्वेंशन का आयोजन वर्ष 1864 में हुआ। इसमें युद्ध के दौरान घायल और बीमार सैनिकों को सुरक्षा प्रदान करने की बात कही गई इसके अलावा, चिकित्सा-कर्मियों, धार्मिक लोगों और चिकित्सा परिवहन की सुरक्षा की बात भी कही गई। अत: कथन (2) सही है।
- युद्ध के दौरान युद्धबंदियों, अन्य कार्यों में लगे लोगों खासकर नागरिकों, स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं, सहायक कार्यों में लगे लोगों के साथ ही घायल और बीमार लोगों के अधिकारों की रक्षा करने के लिये जिनेवा कन्वेंशन की शुरुआत हुई।
- जिनेवा कन्वेंशन और उसके प्रोटोकॉल का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवीय मूल्यों की रक्षा करना है।
- यह अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध के प्रभावों को सीमित करने और युद्धबंदियों के अधिकारों को संरक्षण प्रदान करने की एक अंतर्राष्ट्रीय मानवीय पहल है। अत: कथन (3) सही है।

6. (d)

**व्याख्या:**

- 'वैश्विक भुखमरी सूचकांक' (GHI), आयरलैंड स्थित एक एजेंसी 'कंसर्न वर्ल्डवाइड' (Concern Worldwide) और जर्मनी के एक संगठन 'वेल्ट हंगर हिल्फे' (Welt Hunger Hilfe) द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किया जाता है।
- GHI स्कोर चार घटक संकेतकों- अल्पपोषण, चाइल्ड वेस्टिंग, चाइल्ड स्टंटिंग, बाल मृत्यु दर पर आधारित होता है। अत: विकल्प (d) सही है।

7. (b)

**व्याख्या:**

- 'क्वानॉन' (QAnon) एक षड्यंत्रकारी सिद्धांत या आंदोलन है जिसकी शुरुआत वर्ष 2017 के शृंखला हुई थी जब 'Q' या 'Q क्लीयरेंस पैट्रियट' (Q Clearance Patriot) नामक एक अनाम उपयोगकर्त्ता ने षड्यंत्रकारी सिद्धांतों को सोशल मीडिया पर पोस्ट करना शुरू कर दिया।
- 'क्वानॉन' (QAnon) के अनुयायियों का मानना है कि दुनिया को पीडोफाइल (Paedophiles) के एक गुप्त दल द्वारा चलाया जा रहा है जो शैतान/पिशाच की पूजा करते हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप का भी एक उद्देश्य है कि वे इस गुप्त दल को हटा दें और उन्हें दंडित करें। पीडोफाइल (Paedophiles) वह व्यक्ति होता है जो बच्चों के प्रति कामुकता का भाव रखता है।
- यह सिद्धांत 3 नवंबर, 2020 को अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिये होने वाले चुनाव से पहले मतदाताओं के बीच काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।
- जुलाई 2020 में ट्विटर और टिकटॉक ने 'क्वानॉन' से संबंधित कुछ हैशटैग को अवरुद्ध किया था और इनसे संबंधित कुछ खातों को हटा दिया। अगस्त 2020 में फेसबुक ने 'क्वानॉन' (QAnon) समूहों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। **अत: विकल्प ( b ) सही है।**

8. (d)

**व्याख्या:**

- ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (Great Indian Bustard) पर किये गए अध्ययन से संबंधित एक रिपोर्ट केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने वर्ष 2019 में जारी की थी जिसमें कहा गया था कि ऊर्ध्वाधर संरेखण के साथ 'हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनें' ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के लिये सबसे बड़ा खतरा हैं।
- वैश्विक स्तर पर और विशेषकर भारत में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड की मृत्यु का सबसे बड़ा कारण उच्च वोल्टेज की विद्युत लाइनें (तार) हैं, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड पक्षी की सीधे देखने की क्षमता (Poor Frontal Vision) कमज़ोर होने के कारण वे जल्दी विद्युत तारों नहीं देख पाते।

नोट :

- इसके साथ ही इन पक्षियों का अवैध शिकार तथा कुत्ते व अन्य जंगली जानवर इस प्रजाति की उत्तरजीविता के लिये चुनौती उत्पन्न करते हैं।
- हाल ही में वाडला (Vadla) नामक एक मादा सारस (एक प्रवासी पक्षी) को एक ट्रांसमीटर के साथ टैग किया गया ताकि वैज्ञानिक ऐसे प्रवासी पक्षियों पर विद्युत लाइनों के प्रभावों का पता लगा सकें। इस परियोजना का उद्देश्य सारस (Crane) और फ्लेमिंगो (flamingos) जैसे बड़े पक्षियों पर विद्युत लाइनों के प्रभाव का अध्ययन करना और ऐसे महत्त्वपूर्ण विद्युत लाइनों की पहचान करना जो संभावित रूप से इन पक्षियों को प्रभावित कर सकती हैं।
- इस परियोजना का वित्तपोषण 'पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड' (Power Grid Corporation of India Limited) द्वारा किया गया है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

9. (d)

व्याख्या

- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC) की स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी जिसका मुख्यालय: जिनेवा (स्विट्ज़रलैंड) में स्थित है।
- UNHRC के सदस्यों का चुनाव 3 वर्षों की अवधि के लिये किया जाता है, जिसमें अधिकतम दो कार्यकाल लगातार हो सकते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- UNHRC के प्रमुख कार्य दुनिया भर में मानवाधिकारों का प्रचार करना और उनकी रक्षा करना, साथ ही साथ कथित मानवाधिकारों के उल्लंघन की जाँच करना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- UNHRC का सदस्य बनने के लिये एक देश को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 191 देशों में से कम-से-कम 96 देशों (पूर्ण बहुमत) के मत प्राप्त करने आवश्यक है। संकल्प 60/251 के अनुसार, जिसके तहत UNHRC का निर्माण किया गया था, के अनुसार, UNHRC सदस्यों को संयुक्त राष्ट्र महासभा के बहुमत द्वारा सीधे गुप्त मतदान द्वारा चुना जाता है।

10. (b)

**व्याख्या:**

- भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) शरद अरविंद बोबडे के नेतृत्त्व में सर्वोच्च न्यायालय की एक खंडपीठ तीन राज्यों (हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश) में किसानों द्वारा पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी और रोकथाम के लिये सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश मदन बी. लोकुर (Madan B. Lokur) की एक सदस्यीय समिति का गठन किया है।
- जस्टिस मदन बी. लोकुर की एक-सदस्यीय समिति, राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC), राष्ट्रीय सेवा योजना और स्काउट्स-गाइड्स में तैनात स्वयंसेवक छात्रों की मदद से दिल्ली और इसके श्रृंखला के क्षेत्रों में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने के कारण होने वाले प्रदूषण से निपटने का प्रयास करेगी।
- इस संबंध में तैयार की गई योजना के अनुसार, स्वयंसेवक छात्र तीन राज्यों में राजमार्गों और अन्य क्षेत्रों में गश्त करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि खेतों में पराली न जलाई जाये। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि तीन राज्यों के मुख्य सचिव, इस समिति को आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करेंगे और छात्र स्वयंसेवकों के लिये पर्याप्त परिवहन की व्यवस्था करेंगे। **अतः विकल्प (b) सही है।**

11. (c)

**व्याख्या:**

- हाल ही में गोवा, ग्रामीण क्षेत्रों में 2.30 लाख ग्रामीण परिवारों को सफलतापूर्वक 100% कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (Functional Household Tap Connections- FHTCs) उपलब्ध कराकर देश का पहला 'हर घर जल'( Har Ghar Jal) वाला राज्य बन गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- जल जीवन मिशन की घोषणा अगस्त 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी। इस मिशन का प्रमुख उद्देश्य वर्ष 2024 तक सभी ग्रामीण घरों में पाइप द्वारा जलापूर्ति (हर घर जल) को सुनिश्चित करना है। इस मिशन की प्राथमिकता देश भर के सभी भागों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

12. (d)

**व्याख्या:**

- 'स्लीनेक्स-20' भारतीय नौसेना और श्रीलंका की नौसेना के बीच संयुक्त रूप से आयोजित होने वाला वार्षिक द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास है। इसका उद्देश्य परस्पर अंतर-संचालनशीलता को बढ़ाना, आपसी समझ को और ज़्यादा परिपक्व करना तथा दोनों नौसेनाओं के बीच बहुआयामी समुद्री संचालन के लिये सर्वोत्तम प्रथाओं तथा प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- 19 से 21 अक्तूबर, 2020 तक भारतीय नौसेना और श्रीलंकाई नौसेना के बीच संयुक्त वार्षिक द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'स्लीनेक्स-20' (SLINEX-20) का आठवाँ संस्करण त्रिंकोमाली (Trincomalee), श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

13. (a)

**व्याख्या:**

- 9 अक्तूबर, 2020 को वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड (World Wildlife Fund) द्वारा 'बेंडिंग कर्व: द रिस्टोरेटिव पावर ऑफ प्लेनेट-बेस्ड डाइट्स' (Bending the Curve: The Restorative Power of Planet-Based Diets) नामक रिपोर्ट प्रकाशित की गई।
- इस रिपोर्ट में 147 देशों और 6 क्षेत्रों में खाद्य उपभोग के पैटर्न और 75 देशों के राष्ट्रीय दैनिक आहार दिशा-निर्देश (National Dietary Guidelines- NDGs) का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इसमें प्रत्येक देश और क्षेत्र के लिये विभिन्न पर्यावरणीय एवं स्वास्थ्य संकेतकों पर आहार के प्रभावों का मूल्यांकन किया गया।
- विश्व में खाद्य उपभोग के पैटर्न व्यापक रूप से भिन्न होते हैं और इनमें बड़े पैमाने पर असमानता पाई जाती है। सबसे अमीर एवं सबसे गरीब देशों में विभिन्न खाद्य उपभोग पैटर्न देखे जाते हैं। जैसे- यूरोपीय देशों (1,800 ग्राम/दिन) में अफ्रीकी देशों (1,200 ग्राम/दिन) की तुलना में प्रतिदिन लगभग 600 ग्राम अधिक भोजन ग्रहण किया जाता है। **अतः विकल्प ( a ) सही है।**

14. (d)

**व्याख्या:**

- विश्व बैंक के अनुसार, 1.90 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन से कम आय स्तर को 'अत्यधिक गरीबी रेखा' के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, वर्ष 2019 में प्रत्येक 10 लोगों में से एक व्यक्ति 'अत्यधिक गरीब' (Extreme poor) की श्रेणी में शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
- विश्व में सर्वाधिक गरीब जनसंख्या उप-सहारा अफ्रीका क्षेत्र में निवास करती है। वर्ष 1990 में वैश्विक गरीबों के आधे से अधिक पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र से थे। दुनिया के 27 सबसे गरीब देशों में से 26 उप-सहारा अफ्रीका क्षेत्र से थे। वर्ष 2002 में दुनिया के गरीबों का सिर्फ एक-चौथाई इस क्षेत्र से थे। लेकिन वर्ष 2015 तक 50 प्रतिशत से अधिक गरीब इस क्षेत्र से थे। **अतः कथन 3 सही है।**

15. (a)

**व्याख्या:**

- कुल प्रजनन दर (TFR) एक महिला के उसके पूरे जीवनकाल में जन्म लेने वाले या जन्म लेने की संभावना वाले कुल बच्चों की संख्या को संदर्भित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रति महिला लगभग 2.1 बच्चों के कुल प्रजनन दर (TFR) को 'प्रतिस्थापन' कुल प्रजनन दर' (Replacement TFR ) कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

16. (b)

**व्याख्या:**

- हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने आयुष्मान सहकार (Ayushman Sahakar) योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को स्थापित करने के लिये सहकारी समितियों को कुल 10,000 करोड़ रुपए का ऋण दिया जाएगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

**नोट :**

- ध्यातव्य है कि 'आयुष्मान सहकार योजना' की अवधारणा मुख्य तौर पर केरल मॉडल पर आधारित है, जहाँ सहकारी समितियों ने केरल के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है।
- आयुष्मान सहकार योजना के तहत ऋण प्राप्त करने की एक शर्त यह होगी कि सहकारी समितियों के सदस्यों को रियायती दरों पर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जानी चाहिये।
- चूँकि ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी समितियों की उपस्थिति काफी मज़बूत है, इसलिये इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को व्यापक स्तर पर पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी।
- इस तरह वर्ष 2020 में स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किये गए राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (NDHM) के अनुरूप आयुष्मान सहकार योजना देश के ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य अवसंरचना को मज़बूत करने में मदद करेगी।
- राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) की स्थापना वर्ष 1963 में संसद के एक अधिनियम द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एक संविधिक निगम के रुप में की गई थी। यह, सहकारी क्षेत्र हेतु शीर्ष वित्तीय एवं विकासात्मक संस्थान के रूप में कार्यरत एकमात्र सांविधिक संगठन है। **अत: कथन 2 सही है।**

17. (c)

**व्याख्या:**

- लिपुलेख दर्रा 17,000 फीट की ऊँचाई पर भारत, चीन और नेपाल के त्रि-जंक्शन के करीब उत्तराखंड में अवस्थित है।
- भारत के हिमाचल प्रदेश राज्य में रोहतांग दर्रा हिमालय की पूर्वी पीर पंजाल श्रेणी में 13,058 फीट पर अवस्थित है। पीर पंजाल श्रेणी (Pir Panjal Range) हिमालय की एक पर्वतमाला है जो भारत के हिमाचल प्रदेश व जम्मू एवं कश्मीर तथा पाक-अधिकृत कश्मीर में विस्तृत है।
- रोहतांग दर्रा पीर पंजाल शृंखला पर बना एक पर्वतीय रास्ता है जो मनाली से करीब 51 किलोमीटर दूर है। यह रास्ता कुल्लू घाटी को लाहौल एवं स्पीति से जोड़ता है।
- साधना दर्रा जम्मू और कश्मीर में एक पर्वतीय दर्रा है। साधना दर्रे (Sadhna Pass) को पहले नास्ताचुन दर्रे (Nastachun Pass) के नाम से भी जाना जाता था। यह हिमालय में अवस्थित है और कुपवाड़ा ज़िले की करनाह (Karnah) तहसील को कश्मीर घाटी के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। यह विशाल शम्स ब्रि पर्वत शृंखला (Shams Bri Mountainous Range) में स्थित है।

**अत: विकल्प ( c ) सही है।**

18. (a)

**व्याख्या:**

- समुद्री-घास समुद्री पुष्पी पौधे होते हैं जो मुख्यत: उथले सागरीय जल यथा- जलमग्न खाड़ी और लैगून में उगते हैं। समुद्री-घास मुख्यत: समशीतोष्ण और उष्णकटिबंधीय समुद्र तटों पर पाई जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- समुद्री-घास में प्रजातीय विविधता बहुत कम पाई जाती है, लेकिन प्रजातियों का वितरण बहुत व्यापक स्तर पर पाया जाता है। यह अलिस्मातालेस (Alismatales) गण (Order) से संबंधित है, जिसकी चार परिवारों से संबंधित केवल 60 प्रजातियाँ पाई जाती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत के संपूर्ण तटीय क्षेत्रों में समुद्री-घास पाई जाती है परंतु तमिलनाडु में मन्नार की खाड़ी और पाक-जलडमरूमध्य में यह प्रचुर मात्रा में पाई जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

19. (b)

**व्याख्या:**

- हींग एक बारहमासी पौधा है, जो पोषक तत्त्वों को अपनी गहरी मांसल जड़ों के अंदर संग्रहीत करता है। इसकी कृषि मुख्यत: शुष्क और ठंडे भागों में की जाती है। भारत में इसकी कृषि नहीं की जाती है। भारत हींग का आयात मुख्यत: ईरान, अफगानिस्तान और उज़्बेकिस्तान से करता है, जिसकी लागत लगभग 600 करोड़ रुपए है।

नोट :

- 'इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी (IHBT), पालमपुर के वैज्ञानिक भारतीय हिमालयन क्षेत्र में हींग की कृषि को बढ़ावा देने के लिये एक 'मिशन प्रोजेक्ट' पर कार्य कर रहे हैं। **अत: विकल्प (b) सही है।**

20. (d)

**व्याख्या:**

- केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से असम में देश के पहले मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क (Multi-Modal Logistics Park) की आधारशिला रखी है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- आधिकारिक सूचना के अनुसार, इस मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क का निर्माण तकरीबन 694 करोड़ रुपए की लागत से भारत सरकार की महत्त्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना (Bharatmala Pariyojna) के तहत किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- असम के बोंगाईगाँव (Bongaigaon) ज़िले में बनने वाले इस पार्क से असम और पूर्वोत्तर के अन्य हिस्सों को हवाई, सड़क, रेल तथा जलमार्ग के माध्यम से सीधा जोड़ा जाएगा।
- इस प्रकार इस परियोजना के माध्यम से तकरीबन 20 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार प्राप्त करने में मदद मिलेगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017-18 से भारतमाला कार्यक्रम चलाया जा रहा है।
- इसके तहत आर्थिक गलियारे, फीडर कॉरीडोर और इंटर कॉरीडोर, राष्ट्रीय कॉरीडोर, तटवर्ती सड़कें, बंदरगाह संपर्क सड़कें आदि का निर्माण किया जा रहा है।

21. (c)

**व्याख्या:**

- माना जाता है कि पेरू में पाई जाने वाली 'नाज़का लाइन्स' जियोग्लिफ्स का एक समूह या पत्थर, बज़री, काष्ठ जैसे भू-दृश्य के तत्त्वों का उपयोग करते हुए रचनाकारों द्वारा ज़मीन पर तैयार किये गए बड़े डिज़ाइन हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- जियोग्लिफ्स बड़े आकार (आमतौर पर 4 मीटर से अधिक) के चित्र होते हैं जिन्हें ज़मीन पर पत्थरों, बजरी, क्लास्टिक (Clastic) चट्टानों या टिकाऊ तत्त्वों द्वारा निर्मित किया जाता है।
- इन नक्काशियों के आकार, निरंतरता, प्रकृति एवं गुणवत्ता के कारण ये सबसे बड़े पुरातात्त्विक रहस्य हैं। ज़मीन पर निर्मित ये चित्र आकार में इतने बड़े हैं कि इनको किसी ड्रोन या हेलीकॉप्टर से देखा एवं कैप्चर किया जा सकता है।
- ये आकृतियाँ दक्षिणी पेरू के शुष्क पम्पा कोलोराडा (Pampa Colorada) की सतह पर 2 सहस्राब्दियों से अधिक पहले खींची गई थीं। जियोग्लिफ्स के इस समूह में विभिन्न विषयों (मुख्य रूप से पौधों एवं जानवरों) को दर्शाया गया है। जैसे- पेलिकन (Pelicans- लगभग 935 फीट लंबा सबसे बड़ा आकार), ऐंडेअन कोंडोर्स (Andean Condors- 443 फीट), बंदर (360 फीट), हमिंगबर्ड (Hummingbirds-165 फीट) एवं मकड़ी (150 फीट)। इनमें कुछ ज्यामितीय आकार जैसे- त्रिभुज, ट्रेपेज़ोइड (Trapezoid) और चक्राकार (Spiral) भी शामिल हैं जो खगोलीय कार्यों से संबंधित हैं।
- नाज़का लाइन्स की खोज पहली बार वर्ष 1927 में हुई थी और वर्ष 1994 में यूनेस्को द्वारा इन्हें विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

22. (a)

**व्याख्या:**

- नई सामरिक शस्त्र न्यूनीकरण संधि (New Strategic Arms Reduction Treaty- New START) संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के बीच सामरिक हथियारों में कमी लाने तथा उन्हें सीमित करने संबंधी एक संधि है। यह संधि 5 फरवरी, 2011 को लागू हुई थी।
- यह नई स्टार्ट संधि शीत युद्ध के अंत में वर्ष 1991 में हुई स्टार्ट संधि की अनुवर्ती है। वर्ष 1991 की संधि दोनों पक्षों के लिये रणनीतिक परमाणु वितरण वाहनों की संख्या को 1,600 और वारहेड्स की संख्या को 6,000 तक सीमित करती है। न्यू स्टार्ट संधि ने वर्ष 1991 की स्टार्ट-1 (Strategic Arms Reduction Treaty-1) को प्रतिस्थापित किया था। इसके अलावा इसने वर्ष 2002 की सामरिक आक्रामक कटौती संधि (Strategic Offensive Reductions Treaty-SORT) को भी समाप्त कर दिया था।

नोट :

- यह 700 रणनीतिक लॉन्चर और 1,550 ऑपरेशनल वारहेड्स की मात्रा को दोनों पक्षों के लिये सीमित कर अमेरिकी और रूसी रणनीतिक परमाणु शस्त्रागार को कम करने की द्विपक्षीय प्रक्रिया को जारी रखती है। यह संधि फरवरी 2021 में व्यपगत हो जाएगी। **अतः विकल्प (a) सही है।**

23. (b)

व्याख्या

- राष्ट्रीय कृमि निवारण दिवस एक दिन का कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य शिक्षा और जीवन की गुणवत्ता तक पहुँच, पोषण संबंधी स्थिति एवं बच्चों के समग्र स्वास्थ्य में सुधार के लिये बच्चों को परजीवी आंत्र कृमि संक्रमण से मुक्त करने के लिये दवा उपलब्ध कराना है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय कृमि निवारण दिवस (National Deworming Day) को वर्ष 2015 में शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह कार्यक्रम स्कूलों एवं आँगनवाडी संस्थाओं के ज़रिये द्विवर्षीय एकल दिवस कार्यक्रम के रूप में मनाया जाता है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization- WHO) द्वारा अनुमोदित एल्बेंडाजोल टैबलेट (Albendazole Tablet) का उपयोग विश्व स्तर पर मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (Mass Drug Administration- MDA) कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में बच्चों एवं किशोरों में आँतों के कीड़े के इलाज के लिये किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

24. (d)

**व्याख्या:**

- पेरू प्रशांत महासागर के तट पर अवस्थित है तथा पाँच देशों के साथ सीमा-रेखा बनता है, जो निम्न है- उत्तर दिशा में इक्वाडोर, कोलंबिया, पूर्व में ब्राज़ील, दक्षिण-पूर्व में बोलिविया तथा दक्षिण में चिली।
- पेरू दक्षिण अमेरिका का तीसरा सबसे बड़ा (क्षेत्रफल में) देश है। पेरू 'ऐंग्लोबीज' नामक मछली का सर्वाधिक उत्पादन करता है।
- अमेज़न नदी का उद्गम एंडीज पर्वत, पेरू से होता है, जबकि यह अपना जल अटलांटिक महासागर में गिराती है। विषुवत रेखा, अमेज़न नदी के मुहाने से होकर गुज़रती है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

25. (a)

व्याख्या

- 21 अक्तूबर, 2020 को आज़ाद हिंद सरकार का 77वाँ स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। ध्यातव्य है कि आज ही के दिन वर्ष 1943 में नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने सिंगापुर में आज़ाद हिंद (जिसे अरजी हुकुमत-ए-आज़ाद हिंद के रूप में भी जाना जाता है) के रूप में अनंतिम सरकार की स्थापना की घोषणा की थी।
- साथ ही नेता जी ने स्वयं को आज़ाद हिंद सरकार का प्रधानमंत्री और युद्ध मंत्री (Minister of War) घोषित किया था। सिंगापुर में गठित अनंतिम सरकार ने सुभाषचंद्र बोस को न केवल जापान के साथ समान स्तर पर बातचीत करने में सक्षम बनाया, बल्कि पूर्वी एशिया में भारतीयों को आज़ाद हिंद फौज या भारतीय राष्ट्रीय सेना (INA) में शामिल होने और समर्थन देने के लिये भी सुविधा प्रदान की।
- नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने विदेश में रहते हुए भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी और द्वितीय विश्व युद्ध को भारत की स्वतंत्रता के लिये एक महत्त्वपूर्ण अवसर के रूप में देखा। **अतः विकल्प (a) सही है।**

26. (c)

व्याख्या

- हेडलाइन मुद्रास्फीति के अंतर्गत एक अर्थव्यवस्था के भीतर कुल मुद्रास्फीति को मापा जाता है, जिसमें खाद्य एवं ईंधन की कीमतों में होने वाला उतार-चढ़ाव भी शामिल होता है।
- कोर मुद्रास्फीति वह है जिसमें खाद्य एवं ईंधन की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव को शामिल नहीं किया जाता है। अतः कथन 1 सही है।
- श्रम बल को उन लोगों के रूप में परिभाषित किया जाता है जो या तो कार्य कर रहे हैं या काम की तलाश कर रहे हैं अथवा काम के लिये उपलब्ध हैं।

- आमतौर पर यह देखा जाता है कि जब अधिक लोगों को रोज़गार मिलता है तब और अधिक लोग रोज़गार की तलाश करने लगते हैं, यानी रोज़गार की दर में बढ़ोतरी के साथ श्रम बल भागीदारी दर (LFPR) में भी बढ़ोतरी होती है, किंतु भारत में वर्तमान समय में ऐसा नहीं हो रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**

27. (b)

**व्याख्या:**

- अमेरिका में सीनेटरों के एक द्विदलीय समूह ने ऑस्ट्रेलिया को वार्षिक नौसैनिक अभ्यास 'मालाबार' के लिये आमंत्रित किये जाने के फैसले का समर्थन किया है और साथ ही भारत को 'ब्लू डॉट नेटवर्क' (Blue Dot Network) में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया है।
- ब्लू डॉट नेटवर्क की शुरुआत नवंबर, 2019 में बैंकाक (थाईलैंड) में आयोजित 35वें आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान की गई थी।
- यह अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय विकास वित्त निगम (U.S. International Development Finance Corporation) के नेतृत्त्व में जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (JBIC) तथा ऑस्ट्रेलिया के विदेशी मामले और व्यापार विभाग के बीच साझा सहयोग है।
- BDN का नेतृत्त्व संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा किये जाने के कारण इसे चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के खिलाफ प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है।
- उल्लेखनीय है कि चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में प्रत्यक्ष वित्त प्रदान करने और सार्वजनिक ऋण की व्यवस्था है, जबकि BDN में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। **अत: विकल्प ( b ) सही है।**

28. (a)

**व्याख्या:**

- शीत काल में उत्तर भारत में 'तापीय व्युत्क्रमण' और स्थिर वायु की दशा देखने को मिलती है। तापीय व्युत्क्रमण होने पर प्रदूषकों का सतह के पास संकेंद्रण बढ़ जाता है जिससे दृश्यता कम हो जाती है।
- सिंधु-गंगा का मैदान एक 'भू-आबद्ध' (Landlocked) क्षेत्र है। हिमालय प्रदूषित हवा को उत्तर की ओर जाने से रोकता है, इसे 'घाटी प्रभाव' (Valley Effect) के रूप में जाना जाता है।
- जलोढ़ मृदा में असंगठित मृदा कण होते हैं। इस प्रकार वायु-जनित धूल के निर्माण में शुष्क जलोढ़ मृदा का महत्त्वपूर्ण योगदान है।
- इस क्षेत्र में 'कम दबाव युक्त गर्त' का निर्माण होता है जिससे श्रृंखला की पवनें अपने साथ प्रदूषक भी लाती हैं। **अत: विकल्प ( a ) सही है।**

29. (a)

**व्याख्या:**

- शेकेतकर समिति (Shekatkar Committee) द्वारा आंतरिक और बाह्य खतरों से निपटने के लिये उच्च स्तर पर 'संयुक्त इकाई' बनाने के संदर्भ में सिफारिश की गई थी।
- इस समिति के अनुसार, सैन्य सेवाओं में निचले स्तरों पर असंबद्धता के कारण परिचालन में तालमेल की कमी पाई जाती है। **अत: विकल्प ( a ) सही है।**

30. (a)

**व्याख्या:**

- घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिये शुरु की गई 'उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन' (Production-Linked Incentive-PLI) योजना का विस्तार आठ और अन्य क्षेत्रों में किया जाएगा। यह योजना इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और अर्द्धचालक पैकेजिंग सहित घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने तथा इलेक्ट्रॉनिक मूल्य श्रृंखला में बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिये वित्तीय प्रोत्साहन/इंसेंटिव का प्रस्ताव प्रस्तुत करती है। यह योजना केवल लक्षित क्षेत्रों जैसे-मोबाइल फोन और निर्दिष्ट इलेक्ट्रॉनिक घटकों पर लागू होगी। **अत: विकल्प ( a ) सही है।**

नोट :

31. (d)

**व्याख्या:**

- 29 मार्च, 1931 में कराची में कॉन्ग्रेस का अधिवेशन आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता सरदार वल्लभ भाई पटेल ने की थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस अधिवेशन में 'दिल्ली समझौते' यानि गांधी-इरविन समझौते को स्वीकृति प्रदान की गई। 'पूर्ण स्वराज्य' के लक्ष्य को फिर से दोहराया गया तथा भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव की वीरता एवं बलिदान की प्रशंसा की गई। यद्यपि कॉन्ग्रेस ने किसी भी प्रकार की राजनीतिक हिंसा का समर्थन न करने की अपनी नीति भी दोहराई। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस अधिवेशन में कॉन्ग्रेस ने दो मुख्य प्रस्तावों को अपनाया जिनमें एक 'मूलभूत राजनीतिक अधिकारों' से तो दूसरा 'राष्ट्रीय आर्थिक कार्यक्रमों' से संबंधित था। **अत: कथन 3 सही है।**

32. (c)

**व्याख्या:**

- 'अकादमिक और अनुसंधान सहयोग संवर्द्धन योजना' (Scheme for Promotion of Academic and Research Collaboration-SPARC) का लक्ष्य भारतीय संस्थानों और विश्व के सर्वोत्तम संस्थानों के बीच अकादमिक एवं अनुसंधान सहयोग को सुगम बनाकर भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान परिदृश्य को बेहतर बनाना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बायोटेक्नोलॉजी इग्निशन ग्रांट (BIG) योजना स्टार्टअप के वित्तपोषण से संबंधित एक कार्यक्रम है। **अत: कथन 2 सही है।**

33. (d)

**व्याख्या:**

- फ्यूचर स्किल प्राइम (PRIME) 'सूचना प्रौद्योगिकी' के क्षेत्र में रोज़गार के रिस्किलिंग और अपस्किलिंग के लिये एक कार्यक्रम है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह NASSCOM तथा केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक पहल है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

34. (a)

व्याख्या

- इंद्रजीत गुप्ता समिति चुनाव सुधारों से संबंधित है। इस समिति की सिफारिशों में निम्नलिखित बिंदु शामिल थे:
- लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों का व्यय सरकार द्वारा वहन किया जाये।
- ऐसे प्रत्याशी जो अपना वार्षिक आयकर रिटर्न दाखिल करने में असफल हैं, को चुनावों में आर्थिक सहायता न दी जाए।
- 10,000 से अधिक चंदे की राशि ड्राफ्ट अथवा चेक के माध्यम से प्रदान किये जाने की व्यवस्था हो।
- इंद्रजीत गुप्त समिति के बाद चुनाव सुधारों के लिये के. संथानम समिति का गठन हुआ। **अत: विकल्प (a) सही है।**

35. (c)

**व्याख्या:**

- G-20 एक फोरम मात्र है, यह किसी स्थायी सचिवालय या स्थायी कर्मचारी के बिना कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्तमान में G-20 की अध्यक्षता सऊदी अरब (1 दिसंबर, 2019 से 30 नवंबर, 2020 तक) के पास है। **अत: कथन 2 सही है।**
- 'G-20 भ्रष्टाचार निरोधी कार्यसमूह' की स्थापना वर्ष 2010 में G-20 देशों के 'टोरंटो शिखर सम्मेलन' (Toronto Summit) के दौरान की गई थी। हालाँकि इसकी पहली बैठक 22 अक्तूबर, 2020 को आयोजित की गई। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

36. (d)

नोट :

**व्याख्या:**

- बाजरे (Millets) को अक्सर एक सुपरफूड (पोषण तत्त्वों से भरपूर अनाज) के रूप में देखा जाता है, इसके अलावा बाजरे से जुड़ी कई अनूठी विशेषताएँ हैं जो भारत की विभिन्न कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल हैं और इसे एक प्रमुख फसल के रूप में संदर्भित करती हैं। इन सब कारकों के परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2018 को पहले ही बाजरे के राष्ट्रीय वर्ष (National Year of Millets) के रूप में घोषित किया जा चुका है तथा साथ ही भारत द्वारा वर्ष 2023 को 'मोटे अनाज के लिये राष्ट्रीय वर्ष' (International Year of Millets) के रूप में घोषित करने का आह्वान किया गया है। **अतः कथन (1) सही नहीं है।**
- वर्तमान में भारत में उगाई जाने वाली तीन प्रमुख मोटे अनाज फसलों (Millet Crops ) में ज्वार (Sorghum), बाजरा (Pearl Millet) और रागी (Finger Millet) शामिल हैं। इसके साथ ही भारत में जैव-आनुवंशिक तौर पर विविध और देशज किस्मों के रूप में छोटे बाजरे की विभिन्न किस्मों जैसे- कोदो (Kodo), कुटकी (Kutki), चीना (Chenna) और सांवा (Sanwa) को प्रचुर मात्रा में उगाया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

37. (c)

**व्याख्या:**

- मुहम्मडन एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज (Muhammadan Anglo Oriental College) की स्थापना वर्ष 1877 में ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयों की तर्ज पर की गई जो बाद में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रूप में विकसित हुआ। अत: कथन 1 सही है।
- सर सैयद द्वारा वर्ष 1864 में अलीगढ़ में पश्चिमी कार्यों का भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने, मुस्लिमों को पश्चिमी शिक्षा को अपनाने तथा मुस्लिमों के बीच वैज्ञानिक मनोभाव को विकसित करने के लिये साइंटिफिक सोसाइटी (Scientific Society) की स्थापना की गई। **अतः कथन 2 सही है।**

38. (a)

**व्याख्या:**

- हिम तेंदुए को IUCN की रेड लिस्ट में सुभेद्य (Vulnerable) की सूची में रखा गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्ष 2013 की बिश्केक घोषणा (Bishkek Declaration) के तहत 23 अक्तूबर को 'अंतर्राष्ट्रीय हिम तेंदुआ दिवस' (International Snow Leopard Day) के रूप में अधिसूचित किया गया। इसके बाद से प्रति वर्ष 23 अक्तूबर को 'अंतर्राष्ट्रीय हिम तेंदुआ दिवस' के रूप में मनाया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत में हिम तेंदुओं की भौगोलिक सीमा में पश्चिमी हिमालय का एक बड़ा हिस्सा आता है, जिसके अंतर्गत जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड , सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के भू-भाग शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

39. (c)

**व्याख्या:**

- कर्मचारी राज्य बीमा योजना [Employees' State Insurance (ESI) Scheme] की शुरुआत सबसे पहले 24 फरवरी, 1952 को कानपुर (उत्तर प्रदेश) में की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ESI योजना के तहत मिलने वाले विभिन्न लाभों के अतिरिक्त इस योजना के तहत आने वाले कर्मचारी बेरोज़गारी भत्ते के भी हकदार होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- कर्मचारी राज्य बीमा योजना का संचालन 'कर्मचारी राज्य बीमा निगम' (Employees' State Insurance Corporation-ESIC) द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

40. (d)

**व्याख्या:**

- प्लास्टिक, सैनिटरी अपशिष्ट आदि से बने पॉलिमर कचरे को दो मुख्य प्रक्रियाओं यानी पायरोलिसिस (Pyrolysis) और प्लाज़्मा गैसीकरण (Plasma Gasification) के माध्यम से निपटाया जाता है।

**नोट :**

- पाइरोलिसिस प्रक्रिया में उपयुक्त उत्प्रेरक की उपस्थिति में अवायवीय वातावरण में पॉलिमर अपशिष्ट को 400-600°C के तापमान पर गर्म किया जाता है।
- पॉलिमर अपशिष्ट से वाष्पशील पदार्थ हीटिंग के परिणामस्वरूप निकलता है जो संघनित होने पर पायरोलिसिस तेल (Pyrolysis Oil) के रूप में प्राप्त होता है।
- शुद्धिकरण के बाद गैर-संघटित सिनगैस और क्रूड पायरोलिसिस तेल का पुन: उपयोग हीटिंग उद्देश्यों के लिये किया जाता है। इस प्रक्रिया में भारी तेल और गैस का इस्तेमाल किये जाने से आत्मनिर्भरता की स्थिति प्राप्त करने में मदद मिली है।
    - ईंट के उत्पादन के लिये ठोस अपशिष्टों को चार (Char) के रूप में बायोगैस घोल के साथ मिश्रित किया जाता है।
- प्लाज़्मा गैसीफिकेशन प्रक्रिया भी पर्यावरण अनुकूल है और इसमें ठोस अपशिष्टों का निस्तारण होता है तथा ज़हरीले डॉयोक्सीन और फ्यूरान जैसे तत्त्व भी नहीं बनते हैं। **अत: विकल्प (d) सही है।**

41. (b)

**व्याख्या:**

- हिमालयन ब्राउन बियर हिमालय के ऊँचाई वाले क्षेत्रों में सबसे बड़े मांसाहारी जीवों में से एक है। भारत में यह पश्चिमी हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 3000-5000 मीटर की ऊँचाई पर पाया जाता है। इसकी छोटी एवं अलग-अलग आबादी भारत और पाकिस्तान के दूर-दराज़ के ऊँचे हिमालय पहाड़ी क्षेत्रों में पाई जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature-IUCN) द्वारा हिमालयन ब्राउन बियर को सुभेद्य (Vulnerable) प्रजाति की सूची में शामिल किया गया है। यह भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची 1 के तहत सूचीबद्ध है। **अत: कथन 2 सही है।**

42. (a)

**व्याख्या:**

- हाल ही में इज़राइल और सूडान ने अमेरिका के 'वाशिंगटन-ब्रोकेड समझौते' (Washington-brokered Deal) के तहत रिश्तों को सामान्य बनाने की दिशा में काम करने पर सहमति व्यक्त की है। इस समझौते के तहत अरब देशों द्वारा द्विपक्षीय रूप से इज़राइल के साथ सामान्य रिश्तों को स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस समझौते के तहत सूडान, पिछले दो माह में इज़राइल के साथ सामान्य संबंध स्थापित करने वाला तीसरा अरब देश बन जाएगा। इससे पहले 13 अगस्त, 2020 को यूएई द्वारा तथा 11 सितंबर को बहरीन द्वारा समझौते की घोषणा की गई थी। अन्य देशों में मिस्र ने वर्ष 1979 में तथा जॉर्डन ने वर्ष 1994 में इज़राइल के साथ 'शांति समझौते' किये थे। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

43. (d)

**व्याख्या:**

- 'ब्याज स्थगन' (Moratorium) की घोषणा COVID-19 महामारी के तहत राहत उपायों के तहत की गई है।
- आमतौर पर ब्याज की गणना चक्रवृद्धि ब्याज सूत्र का उपयोग करके की जाती है, अर्थात् आप अर्जित ब्याज पर भी ब्याज का भुगतान करते हैं। ऋण स्थगन योजना के तहत उधारकर्त्ताओं को ऋण स्थगन अवधि के दौरान बकाया ऋण राशि पर चक्रवृद्धि ब्याज के बजाय साधारण ब्याज का भुगतान करना होता है।
- इस योजना के तहत लाभ के लिये 29 फरवरी, 2020 तक ऋण खाता 'मानक खाता' होना चाहिये अर्थात 'गैर-निष्पादनकारी संपत्ति' (NPA) के रूप में वर्गीकृत खाते योजना के तहत लाभार्थी नहीं होंगे।
- दिशा-निर्देशों के तहत बैंकों तथा अन्य उधारदाताओं यथा- सहकारी बैंक और गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों आदि को भी शामिल किया गया है। **अत: विकल्प (d) सही नहीं है।**

44. (b)

**व्याख्या:**

- भारत ने ILO के 41 अभिसमयों की पुष्टि की है, जो कई अन्य देशों में मौजूद स्थिति की तुलना में कहीं अधिक बेहतर हैं।

नोट :

- भारत ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के आठ प्रमुख/मौलिक अभिसमयों में से 6 की पुष्टि की है जो इस प्रकार हैं:
  1. बलात् श्रम पर अभिसमय (संख्या 29)
  2. बलात् श्रम के उन्मूलन पर अभिसमय (संख्या 105)
  3. समान पारिश्रमिक पर अभिसमय (संख्या 100)
  4. भेदभाव (रोज़गार और व्यवसाय) पर अभिसमय (संख्या 111)
  5. न्यूनतम आयु पर अभिसमय (संख्या 138)
  6. बाल श्रम के सबसे विकृत स्वरूप पर अभिसमय (संख्या 182)
- भारत ने दो प्रमुख/मौलिक अभिसमयों, अर्थात् संघ बनाने की स्वतंत्रता एवं संगठित होने के अधिकार की सुरक्षा पर अभिसमय, 1948 (संख्या 87) और संगठित एवं सामूहिक सौदेबाज़ी के अधिकार पर अभिसमय, 1949 (संख्या 98) की पुष्टि नहीं की है।
- ILO की कन्वेंशन संख्या 87 एवं 98 की पुष्टि नहीं करने का मुख्य कारण सरकारी कर्मचारियों पर लगाए गए कुछ प्रतिबंध हैं। **अत: विकल्प (b) सही उत्तर है।**

45. (a)

**व्याख्या:**

- हाल ही में देहरादून स्थित आसन संरक्षण रिज़र्व को रामसर कन्वेंशन (Ramsar Convention) के तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि (Wetland of International Importance) का दर्जा दिया गया है। आसन संरक्षण रिज़र्व, उत्तराखंड का पहला रामसर स्थल है। इस रिज़र्व को रामसर द्वारा मान्यता मिलने के बाद भारत में रामसर स्थलों की संख्या 38 हो गई है जो कि दक्षिण एशिया में सबसे अधिक है।
- इससे पहले जनवरी 2020 में 10 स्थलों को रामसर कन्वेंशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमियों के रूप में मान्यता दी गई थी। जो इस प्रकार हैं- नंदुर मदमहेश्वर (महाराष्ट्र), केशोपुर-मियाँ (पंजाब), ब्यास कंज़र्वेशन रिज़र्व (पंजाब), नांगल (पंजाब), नवाबगंज (उत्तर प्रदेश), पार्वती आगरा (उत्तर प्रदेश), समन (उत्तर प्रदेश), समसपुर (उत्तर प्रदेश), सांडी आर्द्रभूमि (उत्तर प्रदेश) तथा सरसई नवार (उत्तर प्रदेश)।
- उल्लेखनीय है कि जून, 2019 में पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (Ministry of Environment Forest and Climate Change) ने उत्तर प्रदेश के वन विभाग से ग्रेटर नोएडा स्थित धनौरी (Dhanauri) को रामसर कन्वेंशन (Ramsar convention) के तहत अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि के रूप में प्रस्तावित करने के लिये कहा था। अभी इसे रामसर स्थल के रूप में मान्यता नहीं प्राप्त हुई है। **अत: विकल्प (a) सही उत्तर है।**

46. (c)

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद-194 के तहत राज्य विधान मंडलों के सदनों तथा उनके सदस्यों और समितियों की शक्तियाँ, विशेषाधिकार, आदि. विवरण दिया गया है, जबकि संसदीय विशेषाधिकारों का उल्लेख संविधान के अनुच्छेद-105 के तहत किया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय संविधान के तहत भारत के महान्यायवादी (Attorney General) व केंद्रीय मंत्रियों को संसदीय विशेषधिकार प्रदान किये गए हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- संसदीय समिति को बाहरी लोगों द्वारा इसके अधिकारों के हनन के मामलों में कारावास का दंड देने का अधिकार है। हालाँकि संसद के सदस्यों के मामलों में यह बर्खास्तगी या निष्कासन तक ही सीमित है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**नोट :**

47. (a)

**व्याख्या:**

- हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा गुजरात में 'किसान सूर्योदय योजना' की शुरुआत की गई। गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के नेतृत्व में गुजरात सरकार ने सिंचाई के लिये दिन में विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये 'किसान सूर्योदय योजना' की घोषणा की थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस योजना के तहत किसानों को सुबह पाँच बजे से रात नौ बजे तक बिजली की आपूर्ति की जाएगी न कि सोलर पंपों की स्थापना हेतु सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

48. (d)

**व्याख्या:**

- पाक-अधिकृत कश्मीर (PoK) पश्चिम में पंजाब और खैबर-पख्तूनख्वा से, उत्तर-पश्चिम में अफगानिस्तान से, उत्तर में चीन के शिनजियांग प्रांत से और पूर्व में भारत के जम्मू-कश्मीर से अपनी सीमा साझा करता है, इसीलिये अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) का सामरिक महत्त्व काफी अधिक है।
- 22 अक्तूबर, 1947 में जब पाकिस्तान ने कश्मीर घाटी पर आक्रमण किया तब जम्मू-कश्मीर की रियासत का कुछ हिस्सा पाकिस्तान के पास चला गया, जबकि शेष हिस्सा भारत के पास रह गया। पाकिस्तान के पास जम्मू-कश्मीर रियासत का जो हिस्सा है उसे पाक-अधिकृत कश्मीर (PoK) के नाम से जाना जाता है।
- पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर मुख्यत: दो हिस्सों में बँटा हुआ है-
  - आज़ाद कश्मीर
  - गिलगित-बाल्टिस्तान **अत: विकल्प (d) सही है।**

49. (c)

**व्याख्या:**

- वैज्ञानिकों द्वारा हिमालय के सिवनी क्षेत्र या लद्दाख में स्थित सिंधु सिवनी क्षेत्र (Indus Suture Zone- ISZ) को विवर्तनिक अथवा टेक्टोनिक रूप से सक्रिय क्षेत्र के रूप में खोजा गया यह वह क्षेत्र है जहाँ पर भारतीय और एशियाई प्लेट आपस में मिलती है।
- इस खोज के पहले इस इलाके को बंद क्षेत्र (Locked Zone) के रूप में जाना जाता था। वैज्ञानिकों द्वारा हिमालय के सिवनी क्षेत्र का विस्तृत रूप से भौगोलिक अध्ययन किया ओर देखा कि यह क्षेत्र वास्तव में इलाका बंद क्षेत्र न होकर सक्रिय टेक्टोनिक क्षेत्र है। **अत: विकल्प (C ) सही है।**

50. (a)

**व्याख्या:**

- 'भारतीय राष्ट्रीय सागरीय सूचना प्रणाली केंद्र' (INCOIS) की स्थापना वर्ष 1999 में सागरीय क्षेत्र में उपयोगकर्त्ताओं को कई प्रकार की नि:शुल्क सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। भारतीय सुनामी प्रारंभिक चेतावनी केंद्र (ITEWC) की स्थापना वर्ष 2004 की सुनामी के बाद वर्ष 2007 में की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह संस्थान, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ( Ministry of Earth Sciences) के तहत एक स्वायत्त संगठन है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारतीय राष्ट्रीय सागरीय सूचना प्रणाली केंद्र (INCOIS) का मुख्यालय, हैदराबाद में स्थित है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

51. (d)

व्याख्या

- भारतीय डाक के कार्य
  - भारतीय डाक का मूल कार्य डाक वितरित करना है, इसके अलावा यह लघु बचत योजनाओं के तहत जमा स्वीकार करने, पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस (PLI) और ग्रामीण डाक जीवन बीमा (RPLI) के तहत जीवन बीमा कवर प्रदान करने तथा बिल संग्रह, प्रपत्रों की बिक्री सेवाएँ प्रदान करने का कार्य भी करता है।

**नोट :**

- डाक विभाग (DoP), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना के तहत मज़दूरी और वृद्धावस्था पेंशन भुगतान जैसे नागरिक सेवाओं को आम नागरिकों तक पहुँचाकर भारत सरकार के लिये एक एजेंट के तौर पर कार्य करता है।
- भारतीय डाक के रूप में पहचाने जाने वाला भारत सरकार का डाक विभाग (DoP) बीते 150 वर्षों से देश में सुव्यवस्थित संचार प्रणाली के तौर पर कार्य कर रहा है और इसने देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- 1,55,531 डाकघरों के साथ भारत के डाक विभाग (DoP) के पास विश्व का व्यापक डाक नेटवर्क मौजूद है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

52. (d)

**व्याख्या:**

- बूंदी के भीतर और आसपास सौ से अधिक मंदिरों की उपस्थिति के कारण छोटी काशी के रूप में जाना जाता था।
- बूंदी के विकास के शुरुआती चरण में निर्मित मंदिरों में शास्त्रीय नागर शैली प्रचलित थी, जबकि बाद के चरणों में शास्त्रीय नागर शैली के साथ पारंपरिक हवेली के स्थापत्य के मिश्रण से मंदिर की नई अवधारणा सामने आई।
- यहाँ के जैन मंदिरों ने एक अंतर्मुखी रूप में मंदिर स्थापत्य की तीसरी शैली को विकसित किया, जिसमें विशिष्ट जैन मंदिर की विशेषताओं जैसे- प्रवेश द्वार पर सर्पीय तोरण द्वार, बड़े घनाकार अपारदर्शी पत्थर और गर्भगृह पर नागर शैली के शिकारे के साथ केंद्रीय प्रांगण को जोड़ा गया था।
- ऊँचे स्थान वाले मंदिरों के रूप में मंदिर स्थापत्य की एक चौथी शैली भी सामने आई।
- बूंदी स्थापत्य कला में शामिल हैं-
- तारागढ़ किला: तारागढ़ किले का निर्माण राव राजा बैर सिंह ने 1454 फीट ऊँची पहाड़ी पर वर्ष 1354 में करवाया था।
  - मंडपों की घुमावदार छतों, मंदिर के स्तंभों और हाथियों की अधिकता तथा कमल की आकृति के साथ यह महल राजपूत शैली का एक प्रमुख उदाहरण है।
- सुख महल: यह एक छोटा दो मंज़िला महल है जिसे शासकों द्वारा गर्मियों के मौसम में प्रयोग किया जाता था। जैतसागर झील के तट पर स्थित इस महल का निर्माण राव राजा विष्णु सिंह ने वर्ष 1773 में किया था।
- रानीजी की बावड़ी: रानीजी की बावड़ी, रानी नाथावती द्वारा निर्मित एक प्रसिद्ध सीढ़ीदार बावड़ी है। यह बहुमंजिला बावड़ी गजराज की उत्कृष्ट नक्काशी को प्रदर्शित करती है। **अतः विकल्प (d) सही है।**

53. (c)

**व्याख्या:**

- समृद्ध आनुवंशिक विविधता के बावजूद भारत की वैश्विक जीनोम अध्ययनों में बहुत कम भागीदारी है। इस अंतराल को भरने की दिशा में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) द्वारा अप्रैल 2019 में 'इंडीजेन जीनोम परियोजना' को शुरू किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इंडीजेन जीनोम परियोजना (IndiGen Genome Project) के तहत 1000 से अधिक लोगों के जीनोम अनुक्रमण का अध्ययन किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- हाल ही में इस कार्यक्रम के तहत देश भर से 1029 स्वस्थ भारतीयों के संपूर्ण 'जीनोम अनुक्रमण' का कार्य पूरा कर लिया गया है।

54. (d)

**व्याख्या:**

- दक्षिण अमेरिका के दक्षिण-पश्चिमी छोर पर स्थित चिली पश्चिम में प्रशांत महासागर और पूर्व में एंडीज़ पर्वतमाला के बीच स्थित एक लैटिन अमेरिकी देश है।
- चिली विश्व के सबसे लंबे और सबसे संकीर्ण देशों में से एक है, जो कि उत्तर में पेरू, पूर्व में बोलीविया और अर्जेंटीना, दक्षिण में ड्रेक पैसेज (Drake Passage) और पश्चिम में प्रशांत महासागर साथ अपनी सीमा साझा करता है।
- ज्ञात हो कि विश्व के प्रमुख रेगिस्तानों में से एक 'अटाकामा रेगिस्तान' उत्तरी चिली में स्थित एक तटीय रेगिस्तान है।

नोट :

- चिली दक्षिण अमेरिका के उन दो देशों (दूसरा इक्वाडोर) में से है जिसकी सीमाएँ ब्राज़ील से नहीं मिलती है और विश्व का सबसे बड़ा तांबा उत्पादक शहर 'चुक्वीकमाटा' (Chuquicamata) चिली में अवस्थित है।
- चिली की राजधानी 'सैंटियागो' है। **अत: विकल्प (d) सही है।**

55. (b)

**व्याख्या:**

- मानव जीनोम अनुक्रमण आधारित जैव चिकित्सा अनुसंधान के लिये 'ह्यूमन रेफरेंस जीनोम' (HRG) मूलभूत आवश्यकता है।
- जीनोम रेफरेंस कंसोर्टियम-37 (GRCh37) रेफरेंस का जीनोम डेटा विश्लेषण में कई वर्षों तक बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया था। GRCh38 वर्तमान में उपलब्ध सबसे सटीक 'मानव जीनोम अनुक्रम' रेफरेंस है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- 'जीनोम रेफरेंस कंसोर्टियम' (GRCh) के तहत उपलब्ध 'ह्यूमन रेफरेंस जीनोम' का उपयोग अंतर्राष्ट्रीय जीनोम अनुक्रमण शोध कार्यों में एक मानक के रूप में किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

56. (c)

**व्याख्या:**

- ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (Polar Satellite Launch Vehicle-PSLV) 'तरल चरण' (Liquid Stages) से युक्त तीसरी पीढ़ी का एक भारतीय उपग्रह प्रक्षेपण यान है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- PSLV का पहला सफल प्रक्षेपण अक्तूबर 1994 में किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- PSLV का प्रयोग वर्ष 2008 में चंद्रयान-1 और वर्ष 2013 में मंगल मिशन के प्रक्षेपण में भी किया गया था। परंतु चंद्रयान-2 मिशन के लिये 'जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल मार्क-III' (GSLV M-III) का उपयोग किया गया था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

57. (b)

**व्याख्या:**

- एशिया महाद्वीप में मध्य एशिया एक ऐसा क्षेत्र है जो पश्चिम में कैस्पियन सागर से लेकर पूर्व में चीन एवं मंगोलिया तक तथा दक्षिण में अफगानिस्तान एवं ईरान से लेकर उत्तर में रूस तक फैला हुआ है। इस क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व सोवियत गणराज्य कज़ाखस्तान, किर्गिज़स्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज़्बेकिस्तान आते हैं।
- मध्य एशिया ऐतिहासिक रूप से यायावर लोगों एवं सिल्क रोड के साथ निकटता से संबंधित है। इसने यूरोप, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया के लोगों, की आवाजाही एवं माल व विचारों के आदान-प्रदान के लिये 'एक चौराहे के रूप में' कार्य किया है। **अत: विकल्प (b) सही है।**

58. (a)

**व्याख्या:**

- अश्गाबात समझौता मध्य एशिया एवं फारस की खाड़ी के बीच वस्तुओं की आवाजाही को सुगम बनाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय परिवहन एवं पारगमन गलियारा है।
- 3 फरवरी, 2018 को फारस की खाड़ी तथा मध्य एशियाई देशों के बीच माल परिवहन आसान बनाने वाले अश्गाबात समझौते में भारत विधिवत रूप से शामिल हुआ।
- उज्बेकिस्तान, ईरान, तुर्कमेनिस्तान और ओमान इसके संस्थापक देश हैं जिनके बीच यह पारगमन समझौता 25 अप्रैल, 2011 को हुआ था।
- इस समझौते में शामिल होने से भारत को यूरेशिया क्षेत्र के साथ व्यापार एवं व्यावसायिक संपर्क बढ़ाने में आसानी होगी। **अत: विकल्प (a) सही है।**

59. (a)

**व्याख्या:**

- 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय सेना ने 'सिक्योर एप्लीकेशन फॉर द इंटरनेट' अर्थात् साई (SAI) नाम से एक सुरक्षित मैसेजिंग एप्लिकेशन विकसित की है, जो इंटरनेट पर एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म के लिये एंड-टू-एंड सुरक्षित वॉयस, टेक्स्ट और वीडियो कॉलिंग सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम है।

नोट :

- भारतीय सेना द्वारा विकसित यह मॉडल व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे मैसेजिंग एप की तरह ही है और एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन मैसेजिंग प्रोटोकॉल का उपयोग करता है। इस संबंध में जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, 'साई' (SAI) मोबाइल एप का इस्तेमाल अखिल भारतीय स्तर पर सेना के भीतर सुरक्षित संदेश भेजने के लिये किया जाएगा। **अतः विकल्प (a) सही है।**

60. (d)

व्याख्या

- हाल ही में 'नेचर' पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, सिंधु घाटी सभ्यता में डेयरी उत्पादन के पहले ज्ञात प्रमाण मिलने की वैज्ञानिक पुष्टि की गई है। सिंधु घाटी सभ्यता में डेयरी उत्पादन के ये प्रमाण 2500 ईसा पूर्व के समय से संबंधित हैं। इस अध्ययन का परिणाम कोटड़ा भादली (गुजरात) के एक पुरातात्त्विक स्थल पर पाए गए बर्तनों के टुकड़ों से प्राप्त भोज्य पदार्थों के अणुओं (जैसे- वसा और प्रोटीन) के आणविक रासायनिक विश्लेषण पर आधारित है।
- हड़प्पाई सभ्यता अपनी नगरीय योजना प्रणाली के लिये जानी जाती है। हड़प्पा सभ्यता की एक ध्यान देने योग्य बात यह भी है कि इस सभ्यता में ग्रिड प्रणाली मौजूद थी जिसके अंतर्गत सडकें एक दूसरे को समकोण पर काटती थीं। **अतः विकल्प (d) सही है।**

61. (a)

**व्याख्या:**

- सर्ब-पावर योजना (SERB-POWER Scheme) केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से संबद्ध 'विज्ञान एवं इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड' (Science and Engineering Research Board- SERB) द्वारा की गई है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस योजना के तहत किसी शोधार्थी को उसके पूरे कॅरियर (Career) में एक बार ही फेलोशिप दी जाएगी और इसकी अवधि तीन वर्ष (बगैर किसी विस्तार की संभावना के) की होगी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस योजना में शामिल सर्ब-पावर शोध अनुदान की श्रेणी-II के तहत राज्य विश्वविद्यालयों/कॉलेजों और निजी शैक्षणिक संस्थानों के आवेदकों के लिये अनुदान का प्रावधान किया गया है, इसके तहत शोधार्थियों को तीन वर्ष के लिये अधिकतम 30 लाख रुपए प्रदान किये जाएंगे। **अतः कथन 3 सही है।**

62. (c)

**व्याख्या:**

- 'पोटेशियम' पौधों के लिये सबसे महत्त्वपूर्ण 'मैक्रोन्यूट्रिएंट्स' (Macronutrients) में से एक है।
- पादपों में पोटेशियम की कमी जड़ों एवं अंकुरों की वृद्धि को रोककर पौधों को प्रभावित करती है। जिन पौधों में पोटेशियम की कमी होती है वे नमक, सूखा, ठंड लगना और अन्य अजैविक व जैविक तनावों के लिये अतिसंवेदनशील होते हैं। अतः कथन 1 सही है।
- पौधों को अन्य तत्त्वों के अलावा 'पोटेशियम आयन' (Potassium Ion) की एक उच्च एवं अपेक्षाकृत स्थिर संकेंद्रण की आवश्यकता होती है जो श्वसन एवं प्रकाश संश्लेषण में शामिल कई एंज़ाइमों को सक्रिय करता है। पोटेशियम ऊर्जा उत्पादन और कोशिका विस्तार जैसी महत्त्वपूर्ण सेलुलर प्रक्रियाओं (Cellular Processes) में भी शामिल होता है। **अतः कथन 2 सही है।**

63. (a)

**व्याख्या:**

- रेगुलेटरी सैंडबॉक्स, नियंत्रित दशाओं में नवीन फिनटेक उत्पादों या सेवाओं के 'प्रत्यक्ष परीक्षण' (Live Testing) को संदर्भित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- फिनटेक पहल के तहत बैंकिंग, बीमा, प्रतिभूतियों और प्रबंधन के क्षेत्र में वित्तीय उत्पादों और वित्तीय सेवाओं के प्रसार को प्रोत्साहित किया जाता है।
- इस दिशा में हाल ही में 'अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण' (International Financial Services Centres Authority-IFSCA) द्वारा 'रेगुलेटरी सैंडबॉक्स' के लिये एक रूपरेखा पेश की गई है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

64. (c)

**व्याख्या:**

- हाल ही में केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) और इसके आसपास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिये वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग गठित करने हेतु एक अध्यादेश अधिसूचित किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्र सरकार के इस अध्यादेश के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर गठित 'पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम एवं नियंत्रण) प्राधिकरण' (EPCA) तथा इस विषय से संबंधित अन्य सभी समितियों को विघटित कर दिया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

65. हाल ही में ओडिशा सरकार द्वारा लॉन्च किया गया 'सुमंगल' पोर्टल संबंधित है:

  a. सड़कों के आधुनिकीकरण से

  b. अंतर्जातीय विवाह के प्रोत्साहन से

  c. वृक्षारोपण से

  d. विधवा विवाह से

उत्तर: (b)

**व्याख्या:**

- अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 'सुमंगल' नाम से एक वेब पोर्टल लॉन्च किया है, जो कि अंतर्जातीय जोड़ों को आवेदन की तारीख से 60 दिनों के भीतर प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने में मदद करेगा।
- इसके अलावा मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने अंतर्जातीय विवाह करने वाले जोड़ों को मिलनी वाली प्रोत्साहन राशि को 1 लाख रुपए से बढाकर 2.5 लाख रुपए करने की भी घोषणा की है।
- मुख्यमंत्री के अनुसार, इस तरह के विवाहों से सामाजिक समरसता में बढ़ोतरी होगी। ध्यातव्य है कि ओडिशा में अंतर्जातीय विवाह से संबंधित एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के लिये विवाह में एक पक्ष का उच्च जाति और दूसरे पक्ष का अनुसूचित जाति से होना अनिवार्य है। इसके अलावा विवाह को हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत पंजीकृत होना भी अनिवार्य है। **अतः विकल्प ( b ) सही है।**

66.(b)

**व्याख्या:**

- सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 'भारतीय प्रशासनिक सेवा' (IAS) और 'भारतीय पुलिस सेवा' (IPS) जैसी अखिल भारतीय सेवा की स्थापना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके कारण उन्हें 'भारतीय नागरिक सेवाओं के संरक्षक संत' (Patron Saint of India's civil Services) के रूप में भी जाना जाता है।
- सरदार बल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्तूबर, 1875 को गुजरात के नाडियाड (Nadiad) शहर में हुआ था।
- भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान देने के साथ ही उन्होंने स्वतंत्रता के पश्चात देश की सभी रियासतों के एकीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। **अतः विकल्प ( b ) सही है।**

67. (a)

**व्याख्या:**

- वर्ष 2017 में ओडिशा उन तीन राज्यों (अन्य दो राज्य झारखंड व मध्य प्रदेश) में से एक था जिन्हें 'सस्टेनेबल एक्शन फॉर ट्रांसफार्मिंग ह्यूमन कैपिटल इन एजुकेशन' प्रोजेक्ट [Sustainable Action for Transforming Human Capital in Education (SATH-E) Project] के तहत अपने स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्रों में सुधार हेतु सहायता प्रदान करने के लिये नीति आयोग (NITI Aayog) द्वारा चुना गया था।
- इसका उद्देश्य प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय शिक्षा को लक्ष्य-संचालित अभ्यास के माध्यम से बदलना और शिक्षा के लिये रोल मॉडल राज्य बनाना है।
- नीति आयोग की इस पहल का समापन वर्ष 2020 के शैक्षणिक वर्ष के अंत में होगा। **अतः विकल्प ( a ) सही है।**

**नोट :**

68. (c)

**व्याख्या:**

- 'इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस' (IoE) के रूप में चिह्नित संस्थानों को पूरी तरह से शैक्षिणिक और प्रशासनिक (फीस, पाठ्यक्रम आदि का निर्धारण) स्वतंत्रता प्रदान की जाती है। अत: कथन 1 सही है।
- IoE के रूप में चिह्नित सार्वजनिक उच्च शिक्षा संस्थान सरकार द्वारा 1000 करोड़ रुपए का अनुदान प्राप्त करने के पात्र होते हैं, हालाँकि निजी संस्थानों को यह सुविधा नहीं प्रदान की जाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- हाल ही में सोनीपत (हरियाणा) स्थित 'ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी' (O.P. Jindal Global University) को 'उत्कृष्ट संस्थान' या 'इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस' (Institution of Eminence- IoE) की उपाधि प्रदान की गई है।
- गौरतलब है कि वर्ष 2019 में UGCद्वारा देश के 13 अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ 'ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी' को IoE की उपाधि प्रदान करने के लिये चुना गया था, हालाँकि इसकी आधिकारिक पुष्टि के लिये कुछ विधायी और प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं को पूरा करना आवश्यक था। **अत: कथन 3 सही है।**

69. (a)

**व्याख्या:**

- जूट जिसे 'गोल्डन फाइबर' के रूप में भी जाना जाता है, विभिन्न कपड़ा अनुप्रयोगों के लिये सबसे लंबे एवं सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाले प्राकृतिक फाइबरों में से एक है।
- शीर्ष जूट उत्पादक भारतीय राज्य: पश्चिम बंगाल> बिहार> असम> आंध्र प्रदेश> ओडिशा।
- यह मुख्य रूप से पूर्वी भारत में गंगा-ब्रह्मपुत्र डेल्टा के समृद्ध जलोढ़ मिट्टी क्षेत्र में केंद्रित है। अत: कथन 1 सही है।
- जूट को सरकार द्वारा प्रदान किये जाने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की परिधि में शामिल किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- हाल ही में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने शत-प्रतिशत खाद्यान्नों एवं 20% चीनी को अनिवार्य रूप से विविध प्रकार के जूट बोरों में पैक किये जाने की मंज़ूरी दी।

70. (c)

**व्याख्या:**

- आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (Periodic Labour Force Survey- PLFS) भारत का पहला कंप्यूटर आधारित रोज़गार सर्वेक्षण है, इसकी शुरुआत वर्ष 2017 में केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- PLFS रिपोर्ट 'राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय' (National Statistical Office- NSO) द्वारा जारी की जाती है।
- इस सर्वेक्षण की शुरुआत राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग द्वारा वर्ष 2009 में गठित कुंदू समिति (Kundu Committee) की सिफारिशों के आधार पर की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- हाल ही केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी तिमाही 'आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण' (Periodic Labour Force Survey- PLFS) के अनुसार, अक्तूबर 2018 से शहरी बेरोज़गारी की दर में लगातार गिरावट देखने को मिली है।

नोट :